भृगु पब्लिक स्कूल में वार्षिक दिवस व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

25 दिसम्बर 2023 20 mins ago 1 Views

लखनऊ : रविवार 24 दिसंबर को भृगु पब्लिक स्कूल, लालपुरवा, दयाल फैक्टरी के निकट, फैज़ाबाद रोड में 13वां स्थापना दिवस मनाया गया| इस अवसर पर डा. भरत राज सिह, जो वरिष्ठ पर्यावरणविद तथा महानिदेशक, स्कूल आफ मैंनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था| प्रधानाचार्य रितु मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा बार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और छात्र-छात्राओ ने मुख्य-अतिथि को बडे उत्साह के साथ मंच तक ले आये तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम सरस्वती वन्दना से शुरू किया| तदोपरांत अद्भुत नृत्य-घूमर, डंडिया; संगीत-मितवा, अनार-कली, रंगीला मारो; स्किड-कूड़े वाला, पपेट डांस लगभाग 21-कार्यक्रमों की प्रस्तुति बडे मनमोहक ढंग से की| मुख्य-अतिथि डा. भरत राज सिंह अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओ को बडे-बडे सपने देखने के लिये प्रेरित किया और बताया कि अपने, परिवार में माता-पिता, समाज व राष्ट्र के उत्थान के लिये पूरी निष्ठा व लगन से शिक्षा के साथ-साथ बहुमुखी विकास के चिंतक बने और अपने रचनात्मकता को निरंतर क्रियाशील रखे।

डा. सिंह ने अपने तरफ प्रतिभावान छात्र-छात्राओ को जिनकी प्रस्तुती अद्वितीय रही- अ).बैशनवी कक्षा-8 को रु.1000/=, ब).द्वितीय स्थान पर रितिका कक्षा-6 को सोशल मीडिया प्रस्तुति के लिए रू.500/= और स). तृतीय स्थान पर सम्पुर्नानंद कक्षा-5 बेस्ट-एक्टिंग व कनक राज कक्षा-4 बेस्ट-डांसिंग के लिए क्रमशः रू.250/=, रू.250/= का कैश अवार्ड और प्रमाण-पत्र को देकर उनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर स्कूल के प्रबन्धक के.के.दूबे व प्रधानाचार्या रीता मिश्रा, व्यवस्थापक सुनील दुबे, संचालक व वरिष्ठ अध्यापक संतोष कुमार मिश्रा व ग्रामप्रधान-अनोराकला अमित राज यादव और सभी शिक्षकगणों ने बच्चों का उत्साहवर्धन के साथ भरपूर आनंद लिया।